**वर्णनकर्ता:** इस वीडियो में शरणार्थी दावे की सुनवाई के बारे में उपयोगी जानकारी दी गई है। अधिक जानकारी और अपडेट हमारी वेबसाइट irb.gc.ca पर उपलब्ध है

**संगीत:** पूरे वीडियो में पीछे धीमा संगीत चलता है।

**वर्णनकर्ता:** कैनेडा का इम्मिग्रेशन एंड रेफ्यूजी बोर्ड, या IRB, कैनेडा का सबसे बड़ा प्रशासनिक न्यायाधिकरण है।

**वर्णनकर्ता:** यह इम्मिग्रेशन और शरणार्थी मामलों पर कुशलतापूर्वक, निष्पक्षतापूर्वक और कानून के अनुरूप तर्कसंगत निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार है।

**वर्णनकर्ता:** रेफ्यूजी प्रोटेक्शन डिवीज़न, या RPD, IRB का एक प्रभाग है। RPD यह निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार है कि प्रत्येक वर्ष कैनेडा आने वाले हजारों दावेदारों में से कौन शरणार्थी संरक्षण के लिए पात्र है।

**वर्णनकर्ता:** जब आप पहली बार शरणार्थी सुरक्षा के लिए आवेदन करते हैं, तो इम्मिग्रेशन रेफ्यूजीज़ एंड सिटिज़नशिप कैनेडा या कैनेडा बॉर्डर सर्विसिज़ एजेंसी का एक अधिकारी यह निर्णय लेता है कि क्या आप शरणार्थी दावा करने के योग्य हैं। यदि आप पात्र हैं, तो आपका दावा RPD को भेजा जाता है।

**वर्णनकर्ता:** RPD में निर्णयकर्ता को मैंबर कहा जाता है। मैंबर यह निर्णय लेंगे कि क्या आप शरणार्थी संरक्षण के लिए योग्य हैं, और उस स्थिति में, क्या आप एक कन्वेंशन शरणार्थी हैं या संरक्षण की आवश्यकता वाले व्यक्ति हैं।

**वर्णनकर्ता:** *कन्वेंशन शरणार्थी* वह व्यक्ति होता है जो अपने देश या उस देश से बाहर होता है जहां वह सामान्यतः रहता है। वे अपनी जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, राजनीतिक राय या किसी विशेष सामाजिक समूह की सदस्यता के कारण सताए जाने के भय के कारण अपने देश वापस नहीं लौट सकते।

**वर्णनकर्ता:** *संरक्षण की आवश्यकता वाले व्यक्ति से तात्पर्य* कैनेडा में रहने वाले उस व्यक्ति से है जो सुरक्षित रूप से अपने देश वापस नहीं लौट सकता। यदि वे वापस लौटते हैं, तो उन्हें यातना का खतरा, जीवन को खतरा, या क्रूर एवं असामान्य व्यवहार या दंड का खतरा हो सकता है।

**वर्णनकर्ता:** आपको अपने शरणार्थी दावे के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी के लिए रेफ्यूजी प्रोटेक्शन डिवीज़न की वीडियो श्रृंखला देखने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

**वर्णनकर्ता:** चार वीडियो की यह श्रृंखला आपके उन महत्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर देगी जो आपके शरणार्थी दावे को शुरू करने और RPD के साथ आपकी सुनवाई की तैयारी के दौरान आपके मन में आ सकते हैं।

**वर्णनकर्ता:** हम आपको श्रृंखला के सभी चार वीडियो देखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आइये देखें कि प्रत्येक वीडियो किस बारे में है।

**वर्णनकर्ता:** पहले वीडियो का नाम है “अपने शरणार्थी संरक्षण दावे के लिए साक्ष्य कैसे एकत्रित करें और प्रस्तुत करें”। यह वीडियो शुरुआत करने के लिए एक अच्छी जगह है। यह आपको कैनेडा में शरणार्थी दावा प्रक्रिया का अवलोकन प्रदान करता है।

**वर्णनकर्ता:** इस वीडियो में, आप जानेंगे कि अपने दावे के समर्थन में आपको किस प्रकार के साक्ष्य एकत्रित करने होंगे, तथा इन साक्ष्यों को RPD के समक्ष कैसे प्रस्तुत करना होगा। आप यह भी जानेंगे कि शरणार्थी दावा प्रक्रिया में कौन आपकी मदद कर सकता है।

**वर्णनकर्ता:** वीडियो में दावे के बेसिज़ औफ क्लेम फॉर्म के बारे में भी बताया गया है, तथा यह फॉर्म आपके दावे के लिए क्यों महत्वपूर्ण है।  बेसिज़ औफ क्लेम फॉर्म आपको यह बताने में मदद करता है कि आप कौन हैं, और आप कैनेडा में शरणार्थी संरक्षण का दावा क्यों कर रहे हैं। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आपके बेसिज़ औफ क्लेम फॉर्म पर सब कुछ पूर्ण, सत्य और सही हो, क्योंकि यह जानकारी RPD मैंबर को आपके शरणार्थी दावे पर निर्णय लेने में मदद करती है।

**वर्णनकर्ता:** दूसरे वीडियो का नाम है "सुनवाई में भाग लेने से पहले आपको क्या जानना ज़रूरी है"। यह वीडियो आपको RPD के साथ सुनवाई के लिए तैयार होने में मदद करेगा।

**वर्णनकर्ता:** वीडियो में बताया गया है कि आपको अपनी सुनवाई की तारीख और समय कैसे पता चलेगा।

**वर्णनकर्ता:** आप यह भी जानेंगे कि सुनवाई प्रक्रिया में कौन आपकी मदद कर सकता है। उदाहरण के लिए, आप किसी वकील, इम्मिग्रेशन कंसल्टेंट, नोटरी पब्लिक या पैरालीगल को अपना काउंसल नियुक्त कर सकते हैं, या आप अपने परिवार के किसी सदस्य या मित्र से भी अपना प्रतिनिधित्व करवा सकते हैं। आप स्वयं का प्रतिनिधित्व भी कर सकते हैं।

**वर्णनकर्ता:** आप यह भी जानेंगे कि आपकी सुनवाई में आपके, आपके वकील और RPD मैंबर के अलावा और कौन-कौन मौजूद हो सकता है, और वे वहां क्यों हैं।

**वर्णनकर्ता:** इसमें मिनिस्टर काउंसल, दुभाषिया, गवाह और पर्यवेक्षक शामिल हो सकते हैं।

**वर्णनकर्ता:** यह वीडियो आपको बताता है कि वर्चुअल सुनवाई कैसे होती है, तथा आपको सुनवाई की तैयारी के लिए उपयोगी सुझाव देता है।

**वर्णनकर्ता:** यदि आपको किसी भिन्न प्रकार की सुनवाई की आवश्यकता है, जैसे कि IRB कार्यालय में व्यक्तिगत सुनवाई, तो यह वीडियो आपको बताता है कि वह अनुरोध कैसे किया जाए **।**

**वर्णनकर्ता:** तीसरे वीडियो का नाम है “आपकी शरणार्थी सुरक्षा सुनवाई”। यह वीडियो आपके सुनवाई के दिन के बारे में है।

**वर्णनकर्ता:** इसमें बताया गया है कि आपकी सुनवाई किस प्रकार होगी, तथा पूछताछ किस प्रकार होगी।

**वर्णनकर्ता:** आप कुछ कानूनी मुद्दों के बारे में भी जानेंगे जिन पर आपकी सुनवाई के दौरान विचार किया जा सकता है। इनमें निम्नलिखित मुद्दे शामिल हो सकते हैं: पहचान, विश्वसनीयता, राज्य संरक्षण, और आंतरिक उड़ान विकल्प।

**वर्णनकर्ता:** वीडियो में यह भी बताया गया है कि RPD आपके दावे पर मैंबर के निर्णय के बारे में आपको कैसे बताएगा, तथा निर्णय मिलने के बाद आप क्या कदम उठा सकते हैं।

**वर्णनकर्ता:** चौथे और अंतिम वीडियो का नाम है "शरणार्थी दावा प्रक्रियाओं और कार्यविधियों के बारे में आपके प्रश्नों के उत्तर"। यह वीडियो शरणार्थी दावा प्रक्रिया और अन्य RPD प्रक्रियाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है।

**वर्णनकर्ता:** आप बेसिज़ औफ क्लेम फॉर्म के बारे में अधिक जानेंगे, जिसमें फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथियां, बेसिज़ औफ क्लेम फॉर्म में जानकारी को अप टू डेट करने या जोड़ने के निर्देश, तथा फॉर्म को RPD को भेजने के बारे में विवरण शामिल होंगे।

**वर्णनकर्ता:** आप अपने दावे से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण नियत तिथियों के बारे में भी जानेंगे, तथा RPD को दस्तावेज प्रस्तुत करने के तरीके के बारे में भी जानेंगे। वीडियो में बताया गया है कि यदि आपको दस्तावेज तैयार करने और जमा करने के लिए अधिक समय चाहिए तो क्या करें।

**वर्णनकर्ता:** श्रृंखला के सभी चार वीडियो देखने से आपको शरणार्थी दावा प्रक्रिया और कार्यविधि की स्पष्ट समझ प्राप्त होगी तथा आप अपनी सुनवाई के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेंगे।

**वर्णनकर्ता:** और याद रखें, यदि आपने RPD के पास शरणार्थी दावा किया है, तो अपनी संपर्क जानकारी अप टू डेट रखना महत्वपूर्ण है।

**वर्णनकर्ता:** यदि आप स्थानांतरित होते हैं, या आपकी संपर्क जानकारी बदलती है, तो IRB को लिखें, ताकि हम हमेशा आपसे संपर्क कर सकें।

**वर्णनकर्ता:** शरणार्थी दावा प्रक्रिया की अप टू डेट जानकारी के लिए, IRB की वेबसाइट पर जाएं या सामान्य पूछताछ के लिए हमारे टोल फ्री नंबर 1-833-931-5121 पर कॉल करें।

**वर्णनकर्ता:** आप स्क्रीन पर दिए गए QR कोड को स्कैन करके हमारे *संपर्क* पृष्ठ पर भी जा सकते हैं, जहां आपको यह जानकारी मिलेगी कि दस्तावेज कहां जमा करें और यदि आपके कोई प्रश्न हों तो हमसे कैसे संपर्क करें।